कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

गांधी चौक के पास नया मुख्यालय भवन रायपुर
फोन नं. : 2535780, 90, फैक्स : 0771–2227395, E - mail -: dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक /2488/ न.पा.नि. / PMAY-HFA / 2022 रायपुर, दिनांक 15/09/ 2022

''दावा आपत्ति उपरांत अंतिम सूची का प्रकाशन''

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक ए.एच.पी. अंतर्गत् स्वीकृत परियोजना 1044 कचना में निर्मित / निर्माणाधीन फ्लैटों में से ''मोर मकान–मोर आस'' योजना के अतंर्गत् 290 नग फ्लैट आबंटन हेतु इस कार्यालय द्वारा जारी विज्ञापन क्र. 01 / 2022, दिनांक 18 / 05 / 2022 के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया था, जिसमें कुल 185 आवेदन प्राप्त हुए। पात्र / अपात्र आवेदनों की प्राथमिक सूची, दिनांक 30 / 06 / 2022 को नगर पालिक निगम, रायपुर की वेबसाईट में ऑनलाईन जारी कर आवेदनों पर दिनांक 21 / 07 / 2022 तक दावा आपत्ति आमंत्रित की गयी थी। निर्धारित तिथि में प्राप्त दावा आपत्ति पर परीक्षण समिति द्वारा अवलोकन कर अंतिम सूची जारी की गयी है। अंतिम सूची सर्व–साधारण हेतु ऑनलाईन प्रकाशित की जा रही है।

अंतिम सूची के समस्त पात्र हितग्राहियों को सूचित किया जाता है, कि आवास आबंटन हेतु मुख्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर के कक्ष क्र. 414 में दिनांक 17 / 10 / 2022 तक आवश्यक रूप से उपस्थित होकर हितग्राही अंशदान जमा करना सुनिश्चित करें।

हितग्राही द्वारा, हितग्राही अंशदान की राशि जमा किये जाने के उपरांत ही लॉटरी के माध्यम से ब्लॉक एवं फ्लैट नम्बर प्रदान किया जावेगा।

PMAY-HFA Municipal Corporation Raipur (C.G.)

15/9

नोडल अधिकारी
प्रधानमंत्री आवास योजना
नगर पालिक निगम, रायपुर